सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की मासिक पत्रिका

कोल इण्डिया Coal India

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव

G20
भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

# अपनी बात

अंक : 586 वर्ष 43 राँची, नवम्बर, 2022






# 'स्थापना दिवस' हर्षोल्लास से मनाया गया

## सीसीएल की वार्षिक पत्रिका 'उत्कर्ष' का विमोचन

दिनांक 05 नवम्बर को सीसीएल मुख्यालय के कंवेंशन सेंटर में सीआईएल/सीसीएल के 48वां स्थापना दिवस के अवसर पर सम्मान–सह–पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि प्रत्येक वर्ष 1 नवंबर को सीआईएल/सीसीएल स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। कार्यक्रम की शुरूआत सीएमडी सीसीएल श्री पी. एम. प्रसाद, निदेशक (तक./संचा.) श्री आर. बी. प्रसाद, निदेशक (तक./यो. एवं परि.) श्री बी. साईराम एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री एस. के. सिन्हा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, श्रमिक संघ के प्रतिनिधिगण, क्षेत्रीय अधिकारीगण सहित बड़ी संख्या में सीसीएल कर्मी उपस्थित थे।

अवसर विशेष पर सीएमडी, सीसीएल श्री पी. एम. प्रसाद ने सभी को सीसीएल के 48वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कंपनी को नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं। हमारे इस प्रयास में हमें श्रमिक संघों के साथ–साथ सभी का सहयोग मिल रहा है, इसके लिए हम उनका धन्यवाद देते हैं। हमें आशा है कि भविष्य में इसी तरह उनका सहयोग मिलता रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि हमें हर वर्ष 16 से 18 प्रतिशत की वृ) दर से आगे बढ़ना है तभी हम आने वाले वर्षों में 100 मि.टन कोयले का उत्पादन लक्ष्य को पार कर सकेंगे। इसके लिए हम पूरी ताकत के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

निदेशक (तक./संचा.) श्री आर. बी. प्रसाद ने सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों से आए महाप्रबंधकों, अधिकारियों, संयुक्त सलाहकार समिति के सम्मानित सदस्यों एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि हम सभी हर वर्ष सीसीएल की स्थापना दिवस मनाते हैं और इस अवसर पर कंपनी के बेहतरी के संकल्प लेते हुए उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी कर्मचारियों को सम्मानित भी करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस वर्ष हमारा कोयला उत्पादन का लक्ष्य 76 मि.टन है लेकिन हमारी कोशिश होगी कि हम 80 मि.टन को पार कर सकें। इसके लिए हम सब को अपना–अपना योगदान बढ़–चढ़ कर देना होगा। उन्होंने अवसर विशेष पर पुरस्कार पा रहे सभी लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

निदेशक (तक./यो. एवं परि.) श्री बी. साईराम एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री एस. के. सिन्हा ने भी सीआईएल/सीसीएल के 48वें स्थापना दिवस की सभी को शुभकामनाएं देते हुए निर्धारित लक्ष्य से ज्यादा कोयला उत्पादन करने के लिए सभी को प्रेरित किया और पुरस्कार से सम्मानित किए जा रहे सभी कार्मिकों को बधाई दी।

अवसर विशेष पर एक संकल्प पत्र के माध्यम से कोयले का उत्पादन लक्ष्य को पार करने के लिए उपस्थित सभी ने संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान सीसीएल की वार्षिक पत्रिका 'उत्कर्ष' का विमोचन भी किया गया। ज्ञात हो कि इस पत्रिका के माध्यम से कंपनी के महत्वपूर्ण गतिविधियों, रोचक कविताएं एवं आलेख को प्रकाशित किया गया है।



सीआईएल/सीसीएल के 48वाँ स्थापना दिवस के अवसर पर सीसीएल की वार्षिक पत्रिका "उत्कर्ष" का विमोचन करते सीएमडी, सीसीएल श्री पी.एम. प्रसाद, निदे. तक. (संचा.) श्री आर. बी. प्रसाद, निदे. तक. (यो. एवं परि.) श्री बी. साईराम, सीवीओ श्री एस.के. सिन्हा एवं अन्य

इस अवसर पर कंपनी के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए विभिन्न श्रेणीयो में पुरस्कार दिए गए जिनमें शॅवेल ऑपरेटर, डम्पर ऑपरेटर, ड्रील ऑपरेटर, डोजर ऑपरेटर, पे–लोडर, एसडीएल ऑपरेटर एवं स्पेशल एचीवमेंट के लिए चयनित कार्मिकों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया। सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों एवं विभागों को भी अच्छे कार्य के लिए पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



सीआईएल/सीसीएल के 48वाँ स्थापना दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्राप्त पुरस्कार के साथ सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों के कार्मिक

अवसर विशेष पर हेवी मोटर ड्राईविंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे परियोजना प्रभावित क्षेत्र के युवाओं को लाईसेंस दिया गया। साथ ही चतरा जिला के श्री आदित्य कुमार को शुटिंग राईफल के लिए चार लाख रूपये की राशि प्रदान की गयी। ज्ञातव्य हो कि श्री आदित्य कुमार का राईफल शुटिंग के क्षेत्र में झारखंड में चौथा स्थान है और उनका चयन राष्ट्रीय शुटिंग चैम्पीयनशीप में हुआ है।

कार्यक्रम का सफल आयोजन में महाप्रबंधक (संचालन) श्री एस.वी. तलंकार एवं उनकी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# सीसीएल में झारखण्ड स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया



जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर उपस्थित सीएमडी, सीसीएल श्री पी.एम.प्रसाद, निदे. (वित्त) श्री पी.के. मिश्रा, निदे. (का.) श्री एच.एन. मिश्र, निदे. तक. (संचा) श्री बी. साईराम, सीवीओ श्री एस. के. सिन्हा एवं अन्य

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) मुख्यालय के दरभंगा हाउस, रांची के प्रागंण में दिनांक 15 नवम्बर को झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सीसीएल के सीएमडी, श्री पी.एम. प्रसाद, निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (वित्त), श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री बी. साईराम, सीवीओ, श्री एस.के. सिन्हा सहित विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में सीसीएल कर्मियों ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर श्र)ासुमन अर्पित किए।

सीसीएल मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने सभी को राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस एवं झारखण्ड स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी धरती आबा बिरसा मुंडा ने प्रकृति को संरक्षित करने एवं आदिवासियों को उनके अधिकारों एवं हित्तों की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभायी जो हम सभी के लिए प्रेरणादायक है।

# 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2022' का समापन




सतर्कता जागरूकता सप्ताह समापन समारोह के अवसर पर मंचासीन सीएमडी, सीसीएल श्री पी.एम.प्रसाद, निदे. (वित्त) श्री पी.के. मिश्रा, निदे. (का.) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदे. तक. (यो. एवं परि.) श्री बी. साईराम, सीवीओ श्री एस.के. सिन्हा एवं अन्य

दिनांक 16 नवंबर को सीसीएल मुख्यालय, रांची में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2022 का समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीसीएल के सीएमडी, श्री पी. एम. प्रसाद सहित निदेशक (कार्मिक) श्री एच.एन. मिश्र, निदेशक (वित्त) श्री पी.के. मिश्रा, निदेशक (तक./यो. एवं परि.) श्री बी. साईराम और सीवीओ श्री एस.के. सिन्हा एवं विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष, क्षेत्रीय अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में कर्मी उपस्थित थे।

स्टेकहोल्डर्स के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए 31/10/22 से 06/11/22 तक चलने वाले सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान पूरी

कंपनी में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस वर्ष का मुख्य विषय "भ्रष्टाचार मुक्त भारत – विकसित भारत" था।

## "सतर्कता जागरूकता मार्च" का आयोजन

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2022 के अंतर्गत दिनांक 02 नवम्बर को सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस, रांची से जवाहर नगर कॉलोनी, कांके रोड तक लगभग तीन किलोमीटर "सतर्कता जागरूकता मार्च" का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीसीएल के सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री बी. साई राम सहित बड़ी संख्या में सीसीएल कर्मियों ने 'भ्रष्टाचार मुक्त भारत – विकसित भारत'' के संदेश को प्रदर्शित करते हुए इस जागरूकता मार्च में भाग लिया।

अवसर विशेष पर सीसीएल के सीएमडी, निदेशकगण एवं कर्मी प्रातः मुख्यालय प्रागंण में उपस्थित हुए और सतर्कता जागरूकता रथ के



सतर्कता जागरूकता मार्च का एक दृश्य



सतर्कता जागरूकता मार्च का एक दृश्य

साथ–साथ प्ले कार्ड, बैनर आदि को हाथ में लेकर 'भ्रष्टाचार मुक्त भारत दृ विकसित भारत'' का संदेश देते हुए सीसीएल के मुख्य द्वार से राजभवन के मुख्य द्वार होते कांके रोड स्थित जवाहरनगर कॉलोनी तक सतर्कता मार्च निकाली। इसमें स्कूली छात्र ने भी बैंड बाजा के साथ भाग लिया और सतर्कता जागरूकता रथ में भी भ्रष्टाचार मुक्त संबंधी गाने बजे और लोगों को इसके बारे में जागरूक किया गया।

इस अवसर पर सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने कहा कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत कर्मियों सहित आमजन को सतर्कता के प्रति जागरूक करने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिससे सभी लोग सत्यनिष्ठता से अपने कर्तव्यों का पालन करें और देश को भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायें।

## मैनेजमेंट ट्रेनीज (एमटी) के लिए कार्यशाला का आयोजन

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2022 के अंतर्गत दिनांक 04 नवम्बर को सीसीएल मुख्यालय के कंवेंशन सेंटर में प्रशिक्षु प्रबंधन (मैनेजमेंट ट्रेनीज) के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि पूरे सीसीएल में 31 अक्टूबर से 6 नवंबर, 2022 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है जिसके तहत कंपनी में भ्रष्टाचार के खिलाफ सभी लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके लिए कंपनी के सभी नियम–कानून की जानकारी हरेक अधिकारी एवं कर्मचारी को होना बहुत जरूरी है। इसलिए कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य नवनियुक्त अधिकारियों यानि प्रशिक्षु प्रबंधन (मैनेजमेंट ट्रेनिज) को कंपनी के विभिन्न मैनुअलों, जैसे विजिलेंस मैनुअल, कंडक्ट, डिसिप्लीन एंड अपील रूल एवं सर्टिफाइड स्टैंडिंग ऑर्डर के बारे में विस्तार से अवगत कराना था। इस अवसर पर सैकड़ों प्रशिक्षु प्रबंधन (एमटी) उपस्थित थे। सभी ने इस कार्यशाला में उत्सुकतापूर्वक भाग लेते हुए कंपनी के नियम–कानून के बारे में जानकारी हासिल की।




कार्यशाला को संबोधित करते हुए एक अधिकारी



कार्यशाला में उपस्थित प्रबंधन प्रशिक्षुगण

# अपर सचिव (कोयला), श्री वी.के. तिवारी ने सीसीएल में समीक्षा बैठक की




समीक्षा बैठक का एक दृश्य

दिनांक 18 नवम्बर को सी.सी.एल. मुख्यालय, दरभंगा हाउस, रांची में अपर सचिव (कोयला), कोयला मंत्रालय, भारत सरकार, श्री वी. के. तिवारी ने सीसीएल एवं सीएमपीडीआई के कार्य निष्पादन की समीक्षा बैठक किया। बैठक में सीसीएल सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद, सीएमपीडीआई सीएमडी श्री मनोज कुमार सहित सीसीएल के निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना), श्री बी. साईराम, सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

समीक्षा बैठक में अपर सचिव (कोयला), श्री वी.के. तिवारी ने श्री तिवारी ने कोयला उत्पादन एवं प्रेषण पर विस्तार से चर्चा करते हुए सभी महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष को आवश्यक दिशा–निर्देश दिया जिससे कंपनी अपने कोयला उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त कर सके। इससे पूर्व सीसीएल के सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने अपर सचिव (कोयला), श्री वी.के. तिवारी का स्वागत करते हुये उन्हें पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कंपनी के विभिनन गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि सीसीएल अपने लक्ष्य प्राप्ति की ओर सतत अग्रसर है।

# सीसीएल मुख्यालय में कोल इंडिया निदेशक (वित्त) समन्वय बैठक आयोजित




कोल इंडिया निदेशक (वित्त) समन्वय बैठक का एक दृश्य

सीसीएल दरभंगा हाऊस, रांची में दो दिवसीय (19 एवं 20 नवम्बर, 2022) कोल इंडिया निदेशक (वित्त) समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निदेशक (वित्त), सीसीएल, श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (वित्त), एनसीएल, श्री रजनिश नारायण, निदेशक (वित्त), एमसीएल, अजित कुमार बेहरा, निदेशक (वित्त), एसईसीएल, मो. मनज़र आलम, एक्जिक्यूटिव निदेशक (वित्त), कोल इंडिया, श्री सुनिल कुमार मेहता, सीएफओ, सीएमपीडीआई, श्री पी.के. प्रसाद, सीएफओ, बीसीसीएल, श्री आर. के. सहाय सहित कोल इंडिया एवं इसके अनुषंगी कंपनी के वित्त विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

निदेशक (वित्त), श्री पवन कुमार मिश्रा ने सभी का स्वागत करते हुये कहा कि हमारे लिए गर्व की बात है कि कोल इंडिया के सभी अनुषंगी कंपनी के निदेशक (वित्त) इस बैठक में भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम हम सभी को मिलकर समन्वय बनाते हुए वित्त विभाग को और सुदृढ़ करना है।

# सीएमपीएफ और पेंशन दावों में आने वाली तकनिकी विसंगतियों को दूर करने के लिए सीसीएल में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन




सीएमपीएफ एवं पेंशन से संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला के अवसर पर मंचासीन निदे. (का.), सीसीएल श्री हर्ष नाथ मिश्र, मु. सतर्कता अधि. (सीसीएल/सीएमपीएफओ) श्री एस.के. सिन्हा एवं सीएमपीएफ के अपर आयुक्त श्री शिवराज चौहान

दिनांक 24 नवम्बर को सीसीएल मुख्यालय के कन्वेंशन सेंटर में सीएमपीएफ और पेंशन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीसीएल/सीएमपीएफओ) श्री एस. के. सिन्हा, सीएमपीएफ के अपर आयुक्त श्री शिवराज कुमार सिन्हा के साथ सीसीएल के महाप्रबंधक (प्रशासन) श्री यु. पी. नारायण, महाप्रबंधक (विधि) श्री पार्थो भट्टाचार्जी एवं काफी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे.। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सीएमपीएफ और पेंशन दावों में आने वाली विसंगतियों और परेशानियों के बारे में विस्तार से चर्चा करना और उन्हें दूर कर दुरुस्त करना था।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र ने सभागार में उपस्थित सीएमपीएफओ और सीसीएल मुख्यलाय सहित विभिन्न क्षेत्रों से आये डिलिंग कार्मिकों को जल्द से जल्द लंबित मामलों को निपटाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक अपनी सेवा देकर सेवानिवृत्त हुए कार्मिकों को सीएमपीएफ और पेंशन के लिए कार्यालय का बार–बार चक्कर न लगाना पड़े इसे सुनिश्चित करना हमारी नैतिक जिम्मेवारी है।

अवसर विशेष पर मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री एस. के. सिन्हा ने भी सीएमपीएफ/पेंशन के लंबित मामलों की विसंगतियों को दूर कर जल्द से जल्द निपटारे पर बल दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत में महाप्रबंधक (प्र.) श्री यु. पी. नारायण उपस्थित सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण का स्वागत करते हुए कहा कि सीएमपीएफ और पेंशन दावों से सम्बंधित कागजातों को सावधानीपूर्वक त्रुटिरहित निष्पादन करने की जरूरत है।

सीएमपीएफ के अपर आयुक्त श्री शिवराज कुमार सिन्हा ने सीएमपीएफ और पेंशन भुगतान में देरी तथा उनमें आने वाले तकनिकी कारणों के बारे में विस्तार से सभी को अवगत कराया. उन्होंने पावर पॉइंट के माध्यम से सभी को बताया कि हम कैसे सही तरीके से सीएमपीएफ और पेंशन के फॉर्म्स को भरें जिससे कि उसमे कोई त्रुटि न रह पाए। उन्होंने सीएमपीएफ स्कीम 1948 के विभिन्न प्रावधानों के बारे में भी विस्तार से लोगों को बताया। उन्होंने आगे कहा कि इस एक दिवसीय कार्यशाला के आयोजन से सभी को निश्चित ही बहुत लाभ होगा।

सीसीएल के मुख्य प्रबंधक (कार्मिक) श्री एस. के. तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया और कार्यशाला के आयोजन में टीम सीसीएल विशेषकर पेंशन विभाग ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# सीसीएल में संविधान दिवस मनाया गया




संविधान दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण करते सीएमडी, सीसीएल श्री पी.एम. प्रसाद एवं अन्य

दिनांक 26 नवम्बर को सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के मुख्यालय सहित इसके सभी क्षेत्रों में "संविधान दिवस" मनाया गया। सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस परिसर, रांची में "संविधान दिवस" के अंतर्गत सीएमडी, श्री पी.एम. प्रसाद, निदेशक तकनीकी (संचालन), श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (वित्त), श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक तकनीकी (यो. एवं परि.), श्री बी. साई राम सहित सभी कर्मियों ने संविधान दिवस की शपथ ली। अवसर विशेष पर सीएमडी, श्री पी.एम. प्रसाद, निदेशकगण, श्रमिक प्रतिनिधिगण एवं कर्मियों ने भारत रत्न, डॉ. बी.आर. अम्बेडकर के प्रतिमा पर मल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया।

अपने संबोधन में सीएमडी, श्री पी.एम. प्रसाद ने संविधान दिवस की हार्दिक बधाई देते हुये कहा कि संविधान दिवस हमें अपने अधिकारों के साथ–साथ देश के प्रति अपने कर्तव्यों की भी याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि समाज एवं देश के प्रति हमारा जो दायित्व है उसे पूरा करना चाहिए। सीसीएल का उद्देश्य देश की ऊर्जा आवश्यकता को पूरा करना है और इसमें सभी एक–एक सदस्य अपना–अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस, रांची में आयोजित 'संविधान दिवस' के अंतर्गत 'परिचर्चा' का आयोजन किया गया। विशेष रूप से आमंत्रित विभागाध्यक्ष, संकायाध्यक्ष, भाषा संकाय, सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी, प्रो. (डॉ.) रत्नेश विष्वक्सेन ने परिचर्चा में शामिल होकर अपना विचार व्यक्त किया। उन्होंने मौलिक अधिकारों, मौलिक कर्तव्यों, स्वतंत्रता, न्याय आदि सहित संविधान के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा किया। उन्होंने डॉ बी.आर. अम्बेडकर सहित सभी संविधान निर्माताओं को याद करते हुये कहा कि हम सभी परिवर्तन चाहते हैं लेकिन परिवर्तन का हिस्सा नहीं बनना चाहते, हम सभी को अधिकारों के साथ–साथ कर्तव्यों को भी समझना चाहिए।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाप्रबंधक (विधि), श्री पार्थो भट्टाचार्यजी एवं उनकी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सीसीएल के सभी क्षेत्र के भी अधिकारी एवं कर्मचारीगण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

**संविधान केवल एक वकीलों का दस्तावेज नहीं है**
**बल्कि यह जीवन का एक माध्यम है।**

**– डॉ. भीमराव अम्बेडकर**

# सीसीएल में दो दिवसीय वेंडर डेवलपमेंट कार्यक्रम एवं औद्योगिक प्रदर्शनी का आयोजन

## झारखण्ड सरकार के प्रधान सचिव, उद्योग विभाग श्रीमती वन्दना डाडेल ने किया उद्घाटन



दो दिवसीय वेंडर डेवलपमेंट कार्यक्रम का उद्घाटन करते झारखण्ड सरकार के प्रधान सचिव, उद्योग विभाग श्रीमती वन्दना डाडेल साथ में सीएमडी, सीसीएल श्री पी.एम. प्रसाद, निदेशक (तक./संचा.) श्री आर.बी. प्रसाद, निदेशक (वित्त) श्री पी.के. मिश्रा, सीवीओ, सीसीएल श्री एस.के. सिन्हा, एमएसएमई–विकास कार्यालय, राँची के संयुक्त निदेशक श्री इन्द्रजीत यादव एवं अन्य

सीसीएल मुख्यालय में दो–दिवसीय (28–29 नवम्बर) वेंडर डेवलपमेंट कार्यक्रम, 2022 एवं औद्योगिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, राँची एवं एमएसएमई—विकास कार्यालय, कोकर, राँची द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन श्रीमती वन्दना डाडेल, प्रधान सचिव, उद्योग विभाग, झारखण्ड सरकार के कर–कमलों द्वारा सीसीएल परिसर, दरभंगा हाऊस, राँची में किया गया। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि सीसीएल के सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद के साथ–साथ निदेशक (तकनिकी/संचालन ) श्री आर. बी. प्रसाद, निदेशक (तकनिकी/यो. एवं परि.) श्री बी. साईराम, निदेशक (वित्त) श्री पी. के. मिश्रा, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री एस. के. सिन्हा, एमएसएमई—विकास कार्यालय, राँची के संयुक्त निदेशक एवं कार्यालय प्रमुख श्री इन्द्रजीत यादव उपस्थित थे।




दो दिवसीय वेंडर डेवलपमेंट कार्यक्रम के अवसर पर प्रधान सचिव, उद्योग विभाग, झारखण्ड सरकार श्रीमती वन्दना डाडेल को स्मृति चिह्न भेंट करते सीएमडी, सीसीएल श्री पी.एम. प्रसाद

मुख्य अतिथि श्रीमती वन्दना डाडेल, प्रधान सचिव, उद्योग विभाग, झारखण्ड सरकार ने ऐसे कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सीसीएल तथा एमएसएमई–डीएफओ, राँची की प्रशंसा की और दोनों को इसके लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि सीसीएल, सीएमपीडीआई, मेकॉन, गेल, सेल, पीवीयूएन, रेलवे, सीपेट इत्यादि का झारखण्ड के औद्योगिक विकास में बहुत बड़ा योगदान है इसके लिए उन्होंने इन उपक्रमों को धन्यवाद भी दिया। उन्होंने कहा कि उद्यमी इस प्रकार के कार्यक्रम से लाभ उठायें। उन्होंने आश्वासन दिया कि एमएसएमई से संबंधित विभिन्न विषयों पर झारखंड सरकार के उद्योग विभाग द्वारा औद्योगिक संगठनों के साथ हर महीने के प्रथम कार्यदिवस को मूल्यांकन परिचर्चा होनी चाहिए। उन्होंने सूक्ष्म एवं लघु उद्यमियों को उद्योग विभाग की ओर से हर संभव सहयोग देने की बात कही। कार्यक्रम के अन्त में उन्होंने औद्योगिक प्रदर्शनी का उद्घाटन फीता काटकर किया।

सीएमडी, सीसीएल श्री पी. एम. प्रसाद ने अपने सम्बोधन में कहा कि सीसीएल द्वारा पब्लिक प्रोक्योरमेंट पॉलिसी का पूरी तरह से पालन किया जा रहा है और ज्यादा से ज्यादा प्रोक्योरमेंट सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों से किया जा रहा है । उन्होंने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम से क्रेता एवं विक्रेता




दो दिवसीय वेंडर डेवलपमेंट कार्यक्रम के समापन समारोह में मंचासीन विशिष्ट अतिथि सीएमडी, सीएमपीडीआईएल श्री मनोज कुमार, निदेशक (वित्त) श्री पी.के. मिश्रा, निदेशक (का.) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तक. (यो. एवं परि.) श्री बी. साईराम, एमएसएमई–विकास कार्यालय, राँची के संयुक्त निदेशक श्री इन्द्रजीत यादव एवं अन्य

दोनो को फायदा होगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले एमएसएमई के वेंडर विकास एवं प्रगति का मूल्यांकन समय–समय पर किया जाना चाहिए। उन्होंने सूक्ष्म एवं लघु उद्यमियों को सीसीएल की तरफ से हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया तथा कार्यक्रम की सफलता की कामना की।

एमएसएमई––विकास कार्यालय, राँची के संयुक्त निदेशक एवं कार्यालय प्रमुख श्री इन्द्रजीत यादव ने इस कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला तथा पब्लिक प्रोक्योरमेंट पॉलिसी के संबंध में संक्षिप्त जानकारी दी एवं कहा कि इस कार्यक्रम को तभी सफल माना जाएगा जब इसके द्वारा सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को व्यापार के नए अवसर मिलें।

उद्घाटन सत्र के दौरान भारत सरकार की जेड सर्टिफिकेशन स्कीम के तहत सिल्वर सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाले तीन इकाईयों मेसर्स संधु ट्यूब प्रा0 लिमिटेड, जमशेदपुर, मेसर्स सैनफैब रोलफोर्म्स प्रा0 लिमिटेड, जमशेदपुर एवं मेसर्स आर. के. कास्टिंग, धनबाद को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया।

समापन समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री मनोज कुमार, सीएमडी, सीएमपीडीआई, राँची ने एमएसएमई–डीएफओ, राँची की टीम को ऐसे कार्यक्रम के आयोजन पर बधाई देते हुए कहा कि इतने सारे उद्यमियों को देखकर मैं काफी अभिभूत हूँ। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस कार्यक्रम से सूक्ष्म एवं लघु उद्यमियों को अवश्य लाभ होगा। श्री कुमार ने कहा कि सीएमपीडीआईएल अपने एमएसएमई प्रोक्योरमेंट लक्ष्य को हासिल कर चुका है और भविष्य में इसे और बेहतर करने का प्रयास किया जा रहा है।

सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र ने प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि तकनीकी विकास के बिना किसी भी उद्योग का आगे बढ़ पाना कठिन है। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता की दुनिया में नये–नये प्रयोग करने की आवश्यकता है जिससे सूक्ष्म और लघु उद्योगों को आने वाले समय में और लाभ मिलेगा।

अवसर विशेष पर निदेशक (वित्त) श्री पी. के. मिश्रा ने भी सुक्ष्म एवं लघु उद्यमियों को इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बधाई दी तथा अपने बहुमूल्य विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर एमएसएमई–विकास कार्यालय, रॉंची के संयुक्त निदेशक एवं कार्यालय प्रमुख श्री इन्द्रजीत यादव ने सभी सरकारी कार्यालयों, सार्वजनिक उपक्रमों तथा सभी स्टॉलधारकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग से ही इस कार्यक्रम को सफल बनाया जा सका। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बड़े उद्योगों एवं छोटे उद्योगों को एक–दूसरे के सामने लाना एवं उनके बीच समन्वय स्थापित करना था।

श्री एस. एन. महतो, महाप्रबंधक (एमएम), सीसीएल ने भी कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए एमएसएमई–डीएफओ, रॉंची को बधाई देते हुए कहा कि सीसीएल एमएसएमई प्रोक्योरमेंट के लक्ष्य को पूरा कर लिया है तथा आने वाले वर्षों में इसे और बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में 60 सार्वजनिक क्षेत्र एवं सरकारी उपक्रम तथा लघु उद्योग इकाईयाँ द्वारा अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम में स्वागत भाषण एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री सुरेन्द्र शर्मा, सहायक निदेशक, एमएसएमई–डीएफओ, रॉंची ने दिया। कार्यक्रम का संचालन श्री राजेश जायसवाल ने किया।

# सीसीएल में सेवानिवृत कर्मियों के लिए सम्मान–सह–विदाई समारोह




अक्टूबर, 2022 में सेवानिवृत्त हुए कार्मिकों के साथ उपस्थित निदेशक तक. (संचा.) श्री आर.बी. प्रसाद, निदेशक तक. (यो. एवं परि.) श्री बी. साईराम एवं निदेशक (का.) श्री हर्ष नाथ मिश्र

## अक्टूबर, 2022 में सेवानिवृत्त हुए कर्मियों को दिनांक 1 नवम्बर, 2022 को दी गई भावभीनी विदाई

सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मियों – सर्वश्री बाला राम वर्मा, महाप्रबंधक (ई एण्ड एम), ई एण्ड एम विभाग, डॉ. डी.के.एल. चौहान, सीएमएस, सीसीएल, अजय कुमार सिंह, उप प्रबंधक (सचिवालय), उत्पादन एवं संचालन विभाग, इंद्रानिल भट्टाचार्यजी, कार्यालय अधीक्षक, ए1, पर्यावरण एवं वन विभाग, श्रीमती ए. लकड़ा, वरीय लिपिक, सेफ्टी विभाग तथा केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर से श्री बारिक अली, सफाई मेट/जमादार को दिनांक 01 नवम्बर को सीसीएल परिवार की ओर से सीसीएल मुख्यालय में "सम्मान समारोह" का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। अक्टूबर माह में विभिन्न क्षेत्रों को मिलाकर पूरे सीसीएल से 71 कर्मियों को सम्मान समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई।

अवसर विशेष पर निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद ने सेवानिवृत कर्मियों के बेहतर भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आप सभी का कंपनी के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। आपके कार्यानुभवों एवं विचारों से हम सभी प्रेरणा लेते हुए कंपनी को आगे बढाएंगे।

निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र ने सेवानिवृत्त कर्मियों के जीवन की दूसरी पाली के लिए शुभकामनाएँ देते हुये कहा कि आप जहाँ भी रहें स्वस्थ्य एवं प्रसन्न रहें। उन्होंने सेवानिवृत कर्मियों को संबोधित करते हुये कहा कि आप सीसीएल परिवार के सदा हिस्सा बने रहेंगे।

निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री बी. साईराम ने सेवानिवृत्त कर्मियों के स्वस्थ्य जीवन की कामना करते हुये कहा कि आपके कंपनी के लिए महत्वपूर्ण योगदानों को भूलाया नहीं जा सकता है। आप जहाँ भी रहें अपने आपको व्यस्त रखें, कंपनी आपके साथ सदैव है।

## नवंबर, 2022 में सेवानिवृत्त हुए कर्मियों को दिनांक 30 नवम्बर, 2022 को दी गई भावभीनी विदाई

नवंबर माह में सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत 7 (सात) कर्मियों – सर्वश्री/श्रीमती एस.एस. चौधरी, महाप्रबंधक (सीपी), सतर्कता विभाग, डॉ. निर्मला सिंह, सीएमओ, गांधीनगर अस्पताल, उमा शंकर प्रसाद, सब इंजीनियर (ई एण्ड एम) गुणवत्ता विभाग, अशोक कुमार, सुपरवाईजर (ए–1), प्रशासन विभाग, दीपक कुमार, कार्यालय अधीक्षक (ए–1), विपणन एवं विक्रय विभाग, अरूण कुमार सिंह, अनिता उरांव, अकाउंटेंट (ए–1), प्रशासन विभाग तथा मुख्य ईसीजी तकनीकी (ए–1), गांधीनगर अस्पताल को आज सीसीएल परिवार की ओर से सीसीएल मुख्यालय में "सम्मान समारोह" का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। नवम्बर माह में मुख्यालय सहित पूरे सीसीएल से 89 कर्मियों को सम्मान समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई।

निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद ने सभी का अभिनंदन करते हुये कहा कि आप सभी एक लंबे अनुभव के साथ कंपनी से सेवानिवृत हो रहे हैं। आपके कार्यानुभवों एवं विचारों से हम सभी प्रेरणा लेते



नवंबर, 2022 में सम्मान समारोह के दौरान सेवानिवृत्त कार्मिकों के साथ निदे. तक. (संचा.) श्री आर.बी. प्रसाद, निदे. तक. (यो. एवं परि.) श्री बी. साईराम, निदे. (का.) श्री हर्ष नाथ मिश्र एवं अन्य


हुए कंपनी को आगे बढाएंगे। उन्होंने सभी सेवानिवृत कर्मियों को कहा कि हम सभी को गर्व है कि हमलोग कोल इंडिया/सीसीएल परिवार के हिस्सा हैं जो कोरोना काल में भी निरंतर निर्बाध रूप से कार्य करते रहे हैं और इस दौरान पावर प्लांट में कोयला की कमी नहीं हुई है।

निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र ने समारोह के केंद्र बिन्दु सेवानिवृत हो रहे कर्मी साथियों को कंपनी की ओर से उनकी सेवाओं और योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप सभी की बदौलत ही कंपनी ने इस उच्च मुकाम को तय किया है। उन्होंने सभी सेवानिवृत कर्मियों के सपरिवार सुखी, स्वस्थ्य जीवन की कामना किया। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि आप प्रतिदिन की दिनचर्या बनाये और सामाजिक एवं अन्य रूप से अपने आप को व्यस्त रखें।

निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री बी. साईराम ने सेवानिवृत्त कर्मियों के जीवन की दूसरी पाली के लिए शुभकामनाएं देते हुये कहा कि आज सीसीएल जिस उंचाई में आज खड़ी है उसमें आप सभी का विशेष योगदान रहा है।

अवसर विशेष पर सेवानिवृत कर्मियों पर निर्मित शॉर्ट फिल्म का प्रदर्शन 'सम्मान समारोह' के दौरान किया गया जिसके माध्यम से सेवानिवृत कर्मियों ने अपने–अपने कार्यानुभवों एवं विचारों को व्यक्त किया। फिल्म में सेवानिवृत कर्मियों ने कहा कि कंपनी निरंतर नयी उंचाईयों को छू रही है और हम इसके उतरोत्तर विकास की कामना करते हैं।

इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं सेवानिवृत कर्मियों के परिवारजन उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्याण विभाग के कर्मियों का विशेष योगदान रहा।



# सोशल मीडिया में सीसीएल

**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

#TeamCCL crossed 40 MT of coal production on 21st November 22. We will continue to strive to fulfill the energy aspirations of the country.

Congratulations..#AtmanirbharBharat




Office of Pralhad Joshi and 5 others

**Central Coalfields Limit...** · 01/11/22

#TeamCCL bags 2nd prize in 'Corporate Award on Safety' during 48th #CILfoundationDay.

3 CCL personnel won awards in different categories -

Sri K K Sinha: Best Area GM,M&S Area

Sri RR Srivastava: Best HoD, CMC Deptt.

Smt Rashmi Kumari, Dy Mgr (Civil): N Kumar Innovation Award




Coal Ministry and 4 others

**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

Congratulations #TeamCCL on bagging the following award's in the All India Rescue Competition.

3rd Overall Best team
1st in Rescue Relay race
3rd in the Rescue and Recovery category
2nd in the Special Contributions category
1st Rescue trained woman in India-Ms Akanksha Kumari




**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

Closing ceremony of #vigilanceawarenessweek organised at CCL Hq, Ranchi

The nodal officers of operational areas and departments who played a vital role in organising a plethora of activities successfully during #VAW were felicitated on the occasion.




Office of Pralhad Joshi and 5 others


सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क), जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : मयंक कश्यप, उप प्रबंधक (सीडी), अंकुर गौतम, सहायक प्रबंधक (कार्मिक) सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित। (आंतरिक वितरण हेतु)